H6Z6T4

# 6 हँसी का पिटारा


जीवन में हास्य का बहुत ही महत्त्व है। हास्य जीवन में दु:ख को भुलाकर नयी उमंग भर देता है। हँसने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है।


(1)



बेटा देखना गेहूँ सूख रहा है।
कहीं गाय न खा जाए।

अरे ! अरे ! गधा गेहूँ खा रहा है
और तुम उसे हटा नहीं रहे हो।





आपने तो गाय को हटाने को
कहा था।... यह तो गधा है।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(2) दो दोस्त हिन्दी व्याकरण की तैयारी कर रहे थे।

पहला दोस्त : दीपक मिठाई नहीं खाता। इसमें 'दीपक' क्या है?

दूसरा दोस्त : मूर्ख।

(3) मालिक : (नौकर से) तू कोई भी काम करने से पहले मुझसे पूछ लिया कर।

नौकर (थोड़ी देर बाद) : मालिक ! रसोईघर में बिल्ली दूध पी रही है, क्या मैं उसे भगा दूँ?

(4) एक आदमी दुकानदार के पास जाकर बोला : जनाब, कुत्ते का बिस्कुट मिलेगा?

दुकानदार बोला : "यहीं खाओगे या घर ले जाओगे?"

(5) रामू (श्यामू को देखकर) : क्यों बे गधे को लेकर कहाँ जा रहा है?

श्यामू : मूर्ख हो क्या ? यह गधा नहीं, कुत्ता है।


रामू : मैं कुत्ते से ही पूछ रहा हूँ।

R1B7R9



## अभ्यास

1. बच्चों को अपना मनपसंद चुटकुला सुनाने के लिए कहें और प्रोत्साहित करें।
2. पत्रिका में से चुटकुले खोजकर पढ़िए।
3. निम्नलिखित शब्दों का विलोम शब्द ढूँढ़कर लिखिए :




**उदाहरण :** गलत × सही



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

¤ उपर्युक्त विलोम शब्दों पर आधारित वाक्य बनाइए।

उदाहरण : मैंने सोचा उत्तर सही होगा लेकिन वह गलत था।

**4. इन्हें और क्या कहते हैं, छाँटकर लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| दोस्त | सुबह | समय | प्रात:काल |
| मूर्ख | वक्त | मित्र | बेवकूफ |

उदाहरण : दोस्त – मित्र

**5. उपर्युक्त समानार्थी शब्द आधारित वाक्य बनाइए।**

उदाहरण : राजा और कालिदास अच्छे **दोस्त** थे।

राजा और कालिदास अच्छे **मित्र** थे।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in